**राज्यपाल सचिवालय**

**राज भवन, जयपुर**

**हिंदी पत्रकारिता दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं**

जयपुर, 29 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस (30 मई) पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि लोकतंत्र को सुदृढ़ और संपन्न करने का कार्य निष्पक्ष पत्रकारिता के जरिए ही होता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोगों को सूचना सम्पन्न ही नहीं करती बल्कि नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक भी करती है। उन्होंने स्वस्थ पत्रकारिता के जरिए लोकतंत्र को सशक्त करते उसमें सभी की समान भागीदारी के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

-----